QUICK NEWS

मप्र : एयर एम्बुलेंस से डॉक्टर को चेन्नई भेजा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

इंदौर. कोविड-19 से संघर्ष के दौरान संक्रमित हुए 55 वर्षीय डॉक्टर को मध्य प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को एयर एम्बुलेंस से इंदौर से चेन्नई भेजा और वहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया. कोविड-19 की रोकथाम के लिए नोडल अधिकारी अमित मालाकार ने बताया कि आगर-मालवा जिले में पदस्थ शासकीय डॉक्टर मुकेश जैन का इंदौर के एक निजी अस्पताल में 4 दिन से इलाज चल रहा था. हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मरीज को उन्नत इलाज के लिए चेन्नई भेजने की सलाह दी. जैन को एयर एम्बुलेंस से चेन्नई भेजकर वहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई गयी.

नप उपाध्यक्ष, पार्षद सहित 6 गिरफ्तार

संवाददाता@मलकापुर.

शहर के पारपेठ परिसर में नपा. के उपाध्यक्ष हाजी रशिद खां जमादार के जन्मदिन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में युवकों के तलवार लेकर नाचने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. इस पर पुलिस कांस्टेबल शेख आसीफ शेख गफ्फार की शिकायत पर डी.बी. दस्ते ने 10 फरवरी की रात जावेद खान इस्माइल खान निवासी ताज नगर पारपेठ, मो. शोयब मो. अहमद निवासी ताजनगर पारपेठ इन दोनों को गिरफ्तार कर उनके घर से पांच तलवारें जब्त कीं. पुलिस ने न.प. के उपाध्यक्ष हाजी रशिद खां जमादार, पार्षद मो. जावेद मो.सलीम कुरेशी निवासी कुरेशी मोहल्ला, मो. फैजुर रहमान मो.सैफु रहमान निवासी पिलुतकीया पारपेठ सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया.

मारपीट में ट्रैक्टर चालक की हत्या

संवाददाता@तिवसा

तिवसा तहसील के धामंत्री रेती घाट पर हुई मारपीट में एक ट्रैक्टर चालक की हत्या करने का मामला सामने आया है.

1 अरेस्ट 3 फरार

इस प्रकरण में पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया. मृतक संकेत मारोतराव भगत है. संकेत भगत तिवसा के एक युवक का ट्रैक्टर चालक था. वह हमेशा की तरह धामंत्री के रेत घाट से रेती उठाया करता था. इसी जगह पर वर्धा जिले के टाखरखेड से 4 युवक शराब पीने के लिए यहां आये. घाट से रेत ले जा रहे ट्रैक्टर के पहिये से एक पत्थर उड़कर एक शख्स को लगा. इस बात से विवाद होकर हुई मारपीट हत्या तक पहुंच गई.

97 किसानों से एक साथ ठगी

कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग : कृषि मंत्री बोले, होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज नेटवर्क

बैतूल. नए कृषि कानूनों में कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की बात की गई है और सरकार ने इसके कई फायदे भी गिनवाए लेकिन मध्य प्रदेश के बैतूल से इसके उलट खबर आई है. दरअसल, इंदौर की एक प्राइवेट फर्म बैतूल के 97 किसानों से धोखाधड़ी कर उनके पैसे लेकर चंपत हो गई. कृषि विभाग के निर्देशक के.पी. भगत ने इस मामले में कार्रवाई का भरोसा दिया है. वहीं राज्य के कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि हमारी जानकारी में ऐसा कुछ नहीं आया. अगर ऐसा है तो कार्रवाई की जाएगी. कंपनी की संपत्ति कुर्क करके किसानों को भुगतान किया जाएगा.

यह है मामला

किसानों के अनुसार उन्होंने बागवानी विभाग की सिफारिश पर कंपनी के साथ 2018 में सहजन की खेती को लेकर एक कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किया था. कॉन्ट्रैक्ट के तहत पौधारोपण के वक्त किसानों को प्रति एकड़ 20 हजार रुपए का भुगतान करना था. किसानों ने 2 एकड़ जमीन के 40 हजार रुपये जमा करवाए. कंपनी ने शुरुआत में पौधे, उपज और तकनीकी जानकारी को लेकर आश्वासन दिया लेकिन किसानों को पौधे नहीं मिले तो उन्होंने 17 दिसंबर 2019 को पहली बार जिला कलेक्टर को मामले की सूचना दी. इसके बाद उन्होंने कई शिकायतें कीं लेकिन शिकायतों का कुछ नहीं हुआ.

शहीद 228 किसानों को श्रद्धांजलि न देने पर उखड़े किसान नेता

राहुल ने जताई थी नाराजगी

कृषि कानूनों के खिलाफ बीते 77 दिन से दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर चल रहे धरने में 228 किसानों की शहादत पर संसद में श्रद्धांजलि न देने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूरी तरह असंवेदनशील और जनविरोधी हो गई है. किसान नेताओं ने इस पर भी नाराजगी जाहिर की कि संसद में सरकार ने कहा है कि आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों को कोई मुआवजा देने का विचार नहीं है. किसान संगठनों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा गुरुवार को लोकसभा में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिए जाने पर उन्हें धन्यवाद दिया. किसान नेताओं ने कहा कि वह रोटी को तिजोरी और भूख को व्यापार बनाने वाले किसी भी कानून को अनुमति नहीं देंगे.

किसान संगठनों ने देशभर में 18 फरवरी को रेल चक्का जाम की तैयारी शुरू कर दी है लेकिन उससे पूर्व अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के 400 से अधिक किसान संगठन गांव-गांव में पुलवामा में 14 फरवरी को आतंकी हमले में शहीद जवानों और आंदोलन में शहीद किसानों की याद में मशाल जुलूस निकालेंगे. किसान नेताओं ने कहा कि कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन तेज होता जा रहा है. हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में लाखों किसानों की महापंचायतें में हो रही हैं. आने वाले दिनों में अन्य राज्यों में भी महा पंचायतें होंगी. किसान नेता दर्शन पाल ने कहा कि सरकार के कृषि व किसान विरोधी षड्यंत्र का अंदाजा इसी से लगता है कि कृषि कानूनों के आने से पहले ही बड़े कॉरपोरेट के गोदाम बन चुके थे और फिर कानून बनाए गए. किसान नेताओं ने सवाल किया है कि सरकार अभी और कितने किसानों की शहादत चाहती है.

आज सुबह शुरू होगी लोकसभा

रास की कार्यवाही स्थगित

नवभारत न्यूज नेटवर्क

दिल्ली. शनिवार को संसद के बजट सत्र के पहले चरण का अंतिम दिन है. राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक चली. संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 8 मार्च से शुरू होगा और 8 अप्रैल तक जारी रहेगा. वहीं लोकसभा की कार्यवाही शनिवार को सुबह 10 बजे शुरू होगी. इससे पहले सदन की कार्यवाही शाम 4 बजे से शुरू होती थी.

BJP का व्हिप जारी

बीजेपी ने लोकसभा में अपने सभी सदस्यों के लिए 3 लाइन का व्हिप जारी किया और उन्हें शनिवार को सुबह 10 बजे से पूरे दिन सदन में मौजूद रहने के लिए कहा है. इसके साथ में बीजेपी ने सभी सदस्यों से सरकार के कदमों का समर्थन करने का अनुरोध किया है. संसद के बजट सत्र का पहला चरण शनिवार को समाप्त होने वाला है.

त्रिवेदी ने दिया इस्तीफा

पूर्व रेल मंत्री व तृणमूल कांग्रेस के सांसद दिनेश त्रिवेदी ने रास में आम बजट पर भाषण के दौरान ही पार्टी और सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया. बंगाल के विस चुनावों की घोषणा से पूर्व त्रिवेदी का इस्तीफा तृणमूल कांग्रेस व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिये बड़ा झटका है. वह जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे. भाजपा ने त्रिवेदी के पार्टी में शामिल होने का स्वागत पहले ही कर दिया है. त्रिवेदी ने सदन में बजट भाषण देते हुये बंगाल की राजनीति पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि वह बंगाल के राजनीतिक वातावरण और हिंसा के कारण घुटन महसूस कर रहे हैं. देर शाम उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यसभा के सभापति वैंकेया नायडू के कक्ष में जाकर सौंप दिया.

हर मनुष्य के जीवन में वह घड़ी आती है जब उसे अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनाई देती है. सबसे पहले देश और फिर मातृभूमि है. मुझे दुख है कि मैं बंगाल में हो रही हिंसा को नहीं रोक पाया. यह निर्णय लेने का क्षण है. - दिनेश त्रिवेदी

रोज वैली घोटाला

कंपनी अधिकारी को 7 वर्ष की जेल

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोलकाता. एक अदालत ने चिटफंड कंपनी रोज वैली के एक अधिकारी को 7 साल जेल की सजा सुनाई. कंपनी ने फर्जी योजनाओं के जरिए निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी. सत्र अदालत के न्यायाधीश अनुपम मुखोपाध्याय ने रोज वैली समूह के निदेशक अरुण मुखोपाध्याय पर 2.5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया. मुखोपाध्याय ने सुनवाई के दौरान दोष स्वीकार कर लिया था जिसके बाद अदालत ने उसे सजा सुनाई. निवेशकों की ओर से पेश वकील अरिंदम दास ने कहा कि रोज वैली समूह ने हजारों लोगों के साथ धोखाधड़ी की है.

अतीक के बेटे के खिलाफ अरेस्ट वारंट

CBI की उमर पर कार्रवाई | 12 अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज

नवभारत न्यूज नेटवर्क

लखनऊ. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सुब्रत पाठक ने लखनऊ के एक प्रॉपर्टी डीलर को अगवा कर देवरिया जेल में मारने-पीटने व उससे जबरिया रंगदारी वसूलने के मामले में पूर्व सांसद अतीक अहमद के पुत्र मोहम्मद उमर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. अदालत ने इसके साथ ही इस मामले में मो. उमर, नीतीश मिश्रा, महेंद्र कुमार सिंह व योगेंद्र कुमार के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी नियत की है. यह मामला थाना कृष्णा नगर से संबधित है. इस मामले की जांच पहले स्थानीय पुलिस कर रही थी लेकिन 12 जून, 2019 को उच्चतम न्यायालय के आदेश से सीबीआई ने इस मामले में अतीक अहमद, फारुख, जकी अहमद, मो. उमर, जफर उल्लाह, गुलाम सरवर व 12 अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की. सीबीआई ने अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है और उसकी जांच अभी जारी है. रियल स्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल ने 29 दिसंबर, 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी में कहा गया है कि देवरिया जेल में बंद पूर्व सांसद अतीक अहमद ने अपने गुर्गों के जरिए गोमतीनगर ऑफिस से उसका अपहरण करा लिया. देवरिया जेल में अतीक ने अपने बेटे उमर तथा गुर्गे गुरफान, फारुख, गुलाम व इरफान के साथ मिलकर उसे बुरी तरह पीटा और उसके बेसुध होते ही स्टाम्प पेपर पर दस्तख़त करवाकर करीब 45 करोड़ रुपये की संपत्ति अपने नाम करा ली. आरोप के मुताबिक अतीक के गुर्गों ने उसकी एसयूवी गाड़ी भी लूट ली.

शिव जयंती पर राज्य सरकार की अपील

रैली और भीड़ से बचें

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. राज्य सरकार ने दिशानिर्देश जारी कर कहा कि कोविड-19 परिस्थितियों के मद्देनजर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर बड़ी रैलियों और भीड़ एकत्र होने वाले कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए. 17वीं शताब्दी के शासक शिवाजी की जयंती राज्य में काफी धूमधाम से मनाई जाती है. महामारी के हालात को देखते हुए सरकार चाहती है कि इस बार शिव जयंती सादगी से मनाई जाए. शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को पुणे के शिवनेरी जिले में हुआ था. ऐसे में इस किले एवं अन्य किलों पर हर साल 18 फरवरी की मध्यरात्रि को भारी संख्या में लोग एकत्र होते हैं.

भाजपा ने किया विरोध

दिशानिर्देशों के मुताबिक, 'कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम के मद्देनजर यह अपेक्षा की जाती है कि शिव जंयती के मौके पर भीड़ एकत्र नहीं करें. रैलियां नहीं निकाली जाएं और भीड़ एकत्र करने के बजाय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रसारण केबल नेटवर्क या ऑनलाइन मंचों के जरिए किया जाना चाहिए. इस बीच, विपक्षी दल भाजपा ने महाराष्ट्र सरकार पर शिव जयंती के मौके पर प्रतिबंध लगाए जाने का आरोप लगाया. प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने कहा कि महाराष्ट्र में गठबंधन वाली एमवीए सरकार के असली रंग अब दिखने लगे हैं. उन्होंने कहा कि सरकार एल्गार परिषद मामले में भड़काऊ बयान देने के आरोपी शरजील उस्मानी को गिरफ्तार करने में हिचक रही है. उपाध्ये ने कहा कि शराब की दुकानों को खोले जाने की अनुमति देने जैसे मामलों में राज्य सरकार इतना नहीं सोचती है.

BSF जवान पुणे में मृत

नवभारत न्यूज नेटवर्क

परिवार का आरोप कोविड वैक्सीन की वजह से गई जान

देवरिया. देवरिया जिले के मईल निवासी बीएसएफ जवान मनीष चौधरी की बीते बुधवार को पुणे में ड्यूटी के दौरान मौत हो गई. उनकी तबीयत एक सप्ताह से खराब थी. बीएसएफ के अधिकारी उनका शव लेकर पैतृक गांव मईल पहुंचे तो परिजनों ने विभागीय अधिकारियों पर जवान का इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया. परिवार के मुताबिक, मनीष ने 5 फरवरी को कोरोना वैक्सीन लगवाई थी. उसके बाद से ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी मगर विभागीय अधिकारी इलाज कराने की बजाय उनसे ड्यूटी लेते रहे. इसके चलते उनकी मौत हो गई. सूचना पाकर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और दाह संस्कार के लिए परिवार की मान मनौवल शुरू कर दी. इसके बाद वे अंततः अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए. मनीष के पिता रमेश के मुताबिक, 5 फरवरी को मनीष को कोरोना वैक्सीन लगी थी. वैक्सीनेशन के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई. मनीष ने यह बात अपने अधिकारियों को बताई मगर अधिकारी मनीष का इलाज कराने की बजाय उनसे ड्यूटी कराते रहे.

आंखों में डाला काली मिर्च का स्प्रे, बेनकाब हुई अमेरिकी पुलिस

अश्वेत बच्ची को लगाई हथकड़ी

न्यूज एजेंसियां

वाशिंगटन. अमेरिका में एक बार फिर अश्वेत के खिलाफ पुलिस का बर्बर रवैया सामने आया है. अश्वेतों के खिलाफ अमेरिकी पुलिस का रवैया कितना बुरा है, इसकी बानगी एक बार फिर सामने आई है. 9 वर्ष की अश्वेत बच्ची को हथकड़ी लगाकर पुलिस गाड़ी में बैठाने और फिर उसकी आंखों में काली मिर्च का पाउडर डालने की घटना ने लोगों को झकझोर कर रखा दिया है. इस घटना ने पुलिस हिरासत में जॉर्ज फ्लॉयड की मौत की याद ताजा कर दी है. दरअसल, न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में एक घरेलू विवाद के चलते जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने एक 9 वर्ष की बच्ची को पकड़ लिया. हथकड़ी लगाकर पुलिस ने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया और थाने ले जाने लगी. इस बीच बच्ची अपने पिता को यादकर रोने लगी. इस पर पुलिस वाले उसे चेतावनी देते हुए कहते हैं कि यह तुम्हारे लिए आखिरी मौका है.अन्यथा तुम्हारी आंखों में काली मिर्च का स्प्रे डाल दिया जाएगा. लगभग 90 सेकंड बाद पुलिस बच्ची की आंखों में काली मिर्च का स्प्रे डाल देती है जिससे वह चीखने लगती है. इस घटना से एक बार फिर स्पष्ट हो गया कि पुलिस का अश्वेतों के प्रति रवैया पक्षपाती है. अश्वेतों के प्रति पुलिस के रवैये पर शोध करने वाले लोगों का मानना है कि अश्वेत बच्चों की छोटी सी गलती को भी खतरे के तौर पर देखा जाता है. कभी-कभी पुलिस का रवैया इतना हिंसात्मक हो जाता है कि अश्वेतों के बच्चों की जान भी चली जाती है. उदाहरण के तौर पर तमीर राइस को ही लें जिसकी वर्ष 2014 में क्लीवलैंड में श्वेत पुलिस अधिकारी ने गोली मार हत्या कर दी थी.

कांग्रेसी सांसद की फिसली जुबान

नवभारत न्यूज नेटवर्क

धानोरकर ने किया अपमानजनक शब्द का प्रयोग

मुंबई. कांग्रेस के सीनियर नेता नाना पटोले ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है. पटोले के पदभार कार्यक्रम में बोलते हुए महाराष्ट्र में कांग्रेस के एकमात्र सांसद बालू धानोरकर की जुबान फिसल गई. उन्होंने पीएम मोदी पर अपमानजनक शब्द कहे. उस समय मंच पर प्रदेश प्रभारी एच.के. पाटिल, नाना पटोले, बाला थोरात, अशोक चव्हाण, सुशील कुमार शिंदे और अन्य बड़े कांग्रेसी नेता मंच पर मौजूद थे. सांसद ने सभी बड़े नेताओं व महिलाओं की उपस्थिति में विवादास्पद शब्द का इस्तेमाल किया.

मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस

जन विरोधी संकल्प पारित

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मुंबई. कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने केंद्र की नरेंद्र मोदी नीत सरकार पर जन विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए संकल्प पारित किया. बैठक में 'मोदी सरकार चले जाओ' का संकल्प पारित करने के बाद कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी एच.के. पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार में शामिल पार्टी के मंत्रियों को कहा गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि केंद्र के नए कृषि कानून राज्य में लागू नहीं हों.

कानून को करें निरस्त

पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र विस के आगामी 1 मार्च से शुरू हो रहे सत्र के दौरान नए कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए. पार्टी के संकल्प में आरोप लगाया गया कि मोदी सरकार कुछ उद्योगपतियों और उनकी नीतियों के लिए देश को तानाशाही तरीके से चला रही है. Fनमें नोटबंदी, जीएसटी और कृषि कानून आदि शामिल हैं. इन नीतियों के चलते देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ रही है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा के गठबंधन वाली एमवीए सरकार का गठन भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए किया गया था.

मौत की सजा बदलने राष्ट्रपति के समक्ष याचिका विचाराधीन

केन्द्र ने सुको को दी जानकारी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

दिल्ली. केन्द्र ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में दोषी बलवंत राजोआना की मौत की सजा बदलने के लिए दायर याचिका का मामला राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के समक्ष विचाराधीन है और वह इस पर फैसला लेंगे. प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन की एक पीठ को केन्द्र की ओर से पेश हुए सॉलिसीटर तुषार मेहता ने बताया कि राजोआना ने सिखों के लिए अलग देश 'खालिस्तान' की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री की हत्या की. मेहता ने पीठ से कहा कि प्रक्रिया शुरू हो गई है और राष्ट्रपति इस पर फैसला लेंगे. यह वह मामला है जिसमें दोषी पर खालिस्तान के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री की हत्या करने का आरोप है. मौजूदा परिस्थितियों में केन्द्र को छह सप्ताह का समय दिया जाए. पीठ ने मेहता से पूछा कि यह अच्छी बात है कि महामहिम राष्ट्रपति इस मामले पर फैसला करेंगे. क्या आप समयसीमा दे सकते हैं जिसमें फैसला ले लिया जाएगा. इस पर उन्होंने कहा कि वह अदालत को राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लेने में लगने वाले समय के बारे में नहीं बता सकते हैं. इस पर पीठ ने कहा कि निश्चित तौर पर आप राष्ट्रपति के बारे में नहीं कह सकते हैं लेकिन आप सरकार के बारे में हमें जरूरत बताएं.

कार्यालय नगर परिषद, ब्रम्हपुरी
आरोग्य विभाग

ई-निविदा सुचना

जा.क्र.: नपब्र/आरोग्य/2021/451 **दिनांक :- 12-02-2021**

याद्वारे नगर परिषद, ब्रम्हपुरी घनकचरा व्यवस्थापन अंतर्गत नाल्या/गटारेचा उपसा करणे व घनकचरा व्यवस्थापन केंद्रावर वाहतूक करणे तसेच रोडची सफाई करणे व इतर कामे करणे करीता पंजीबद्ध कंत्राटदाराकडून ई-निविदा मागविण्यात येत आहे. तरी इच्छुक निविदाधारकांना खालील निविदेचा विस्तृत नमुना महाराष्ट्र शासनाच्या http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक 12/02/2021 पासून पाहण्यास उपलब्ध आहेत.

स्वा./-

मुख्याधिकारी

नगर परिषद, ब्रम्हपुरी

पिता-पुत्र अरेस्ट, टायर चोरी प्रकरण का भी पर्दाफाश

एक ही नंबर के 2 ट्रेलर जब्त

नवभारत ब्यूरो

वर्धा. टायर चोरी प्रकरण में चोरों की खोजबीन के दौरान एक गंभीर मामला प्रकाश में आया. पिता-पुत्र के इस कारनामे से पुलिस भी चकरा गई. एक ही क्रमांक व चेचिस नंबर के दो ट्रेलर पुलिस ने पकड़े. इसके साथ ही टायर चोरी प्रकरण का भी पर्दाफाश हुआ. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 28.51 लाख का माल जब्त किया गया. पिछले कुछ दिनों से जिले के विविध हिस्सों में टायर चोरी के प्रकरण सामने आये. परिणामवश अपराध शाखा पुलिस कई दिनों से टायर चोरों की तलाश कर रही थी. गुरुवार की रात्रि अपराध शाखा पुलिस का एक दस्ता पेट्रोलिंग पर था. इस दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने नागपुर बाईपास पर नाकाबंदी की. इस दौरान उन्हें एमएच 31 सीक्यू 5596 क्रमांक के दो ट्रेलर एक के पीछे एक गुजरते दिखाई दिए. पुलिस ने दोनों ट्रेलरों को रोक लिया. पहले ट्रेलर के चालक हरदेव सिंग मुन्ना सिंग देवल निवासी चंद्रपुर से पूछताछ शुरू की.

डेंटिस्ट ने NCB प्रमुख पर मुकदमे के लिए दी याचिका

सुनवाई से अलग हुए जज

न्यूज एजेंसियां

दिल्ली. दिल्ली उच्च न्यायालय में एक दंत चिकित्सक ने याचिका दायर कर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) प्रमुख राकेश अस्थाना के खिलाफ अपनी शिकायत पर केंद्र, केंद्रीय सतर्कता आयोग और सीबीआई को जांच करने और आपराधिक मुकदमा शुरू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है. यह मामला न्यायमूर्ति योगेश खन्ना के सामने सूचीबद्ध था लेकिन वह सुनवाई से अलग हो गए और इसे दूसरी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किए जाने का निर्देश दिया. चंडीगढ़ के दंत चिकित्सक डॉ. मोहित धवन ने अस्थाना पर आपराधिक मुकदमे के लिए सबसे पहले उच्चतम न्यायालय का रुख किया था. धवन का आरोप है कि एनसीबी दूसरे पुलिस अधिकारियों के साथ साठगांठ कर वसूली में संलिप्त है. हालांकि, उन्होंने 8 फरवरी को उच्चतम न्यायालय से अपनी याचिका वापस ले ली थी.

कांग्रेसियों पर पुलिस ने बरसायीं लाठियां

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कंगना का विरोध करने पहुंचे थे कार्यकर्ता

बैतूल. बैतूल ज़िले के सारणी में बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत का विरोध करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई. कांग्रेसियों को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और वॉटर केनन का इस्तेमाल करना पड़ा. लाठीचार्ज में 6 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हो गए. 2 घण्टे तक चले हंगामे के बाद पुलिस और कांग्रेसियों के बीच चर्चा हुई जिसमें कांग्रेस ने फिर चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटे में अगर कंगना ने माफी नहीं मांगी तो कांग्रेस एक बार फिर प्रदश ‍नकरेगी. कंगना पिछले दिनों किसान आंदोलन पर एक ट्वीट करके सुर्खियों में आ गयी हैं.

राजस्व | 26 ठेकेदार प्रक्रिया में हुए शामिल

10 रेत घाटों की नीलामी, 15 बाकी

ई-निविदा प्रक्रिया संपन्न

नवभारत ब्यूरो

गड़चिरोली. विगत लंबे समय से प्रलंबित जिले के रेती घाटों की नीलामी प्रक्रिया जिलाधिकारी कार्यालय में संपन्न हुई. इसमें कुल 25 रेती घाटों में से केवल 10 की नीलामी हुई है. अन्य घाटों की नीलामी प्रक्रिया कुछ दिनों बाद होने वाली है, ऐसी जानकारी जिला प्रशासन से प्राप्त हुई. इन रेत घाटों की नीलामी में विशाल वैनगंगा नदी के घाटों का समावेश नहीं है. नीलामी प्रक्रिया शुरू होने से नागरिकों को आवश्यक रेती उपलब्ध होने वाली है. साथ ही रेत तस्करी पर भी लगाम लगने की संभावना है. बीते वर्ष से गड़चिरोली जिले में एक भी रेतीघाट की नीलामी नहीं किए जाने से बड़े पैमाने पर अवैध रेत तस्करी का प्रमाण बढ़ा था.

प्रशासन ने अनेक बार रेत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना भी ठोका था. फिर भी रेत तस्करी थमी नहीं थी. बीते मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त जिलाधिकारी सोमय्या यमगर की अध्यक्षता में जिले के कुल 25 रेती घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई. इस समय जिला खनिकर्म अधिकारी रणज्योतसिंह सोखी, जिला सूचना अधिकारी टेंभुर्णे, विधि अधिकारी बांबोले, लेखा अधिकारी बोरसरे व कर्मचारी उपस्थित थे. इस प्रक्रिया में कुल 26 ठेकेदारों ने सहभाग लिया था. गड़चिरोली, आरमोरी, कुरखेड़ा, चामोर्शी व सिरोंचा इन 5 तहसीलों के 25 रेती घाटों के लिए ई-निविदा प्रक्रिया संपन्न की गई. इसमें से केवल 10 रेती घाटों के लिए ही बोली लगी. इसमें गड़चिरोली तहसील की कठाणी नदी के बोदली माल, लांझेडा, अडपल्ली 1, अडपल्ली 2, आंबेशिवणी-राममंदिर घाट, दिभनाचक, आरमोरी तहसील की गाढवी नदी घाट पर के रामपुरचक, खोब्रागडी नदीघाट पर के वनखी, कुरखेड़ा तहसील में सती नदी घाट पर के नान्हीघाट व सिरोंचा तहसील के मेडाराम नाला नदी के रेतीघाटों का समावेश है. अन्य 15 रेती घाटों की नीलामी नहीं हो पायी. इसी दिन विदर्भ के चंद्रपुर, वर्धा, नागपुर, भंडारा, गोंदिया इन जिलों में भी एक ही समय पर नीलामी प्रक्रिया हुई. इससे चलते बाहरी जिले के ठेकेदारों द्वारा गड़चिरोली की नीलामी प्रकिया में हिस्सा नहीं लेने की बात कही जा रही है. फलस्वरूप 15 रेती घाटों की नीलामी नहीं हो पायी. आगामी कुछ दिनों में प्रशासन द्वारा फिर नीलामी प्रक्रिया चलायी जाने वाली है.

अगवा किए 3 मजदूरों को पुलिस ने छुड़ाया

नवभारत न्यूज नेटवर्क

इम्फाल. मणिपुर के बोंगजांग इलाके में कुकी उग्रवादी समूह के आतंकियों ने 3 मजदूरों को अगवा कर लिया था. शुक्रवार को राज्य पुलिस ने 2 घंटे तक चले एनकाउंटर के बाद तीनों को सुरक्षित छुड़ा लिया. एनकाउंटर के दौरान आतंकवादी भाग निकले. पुलिस ने आतंकवादियों के ठिकानों से भारी मात्रा में राइफल और बुलेट्स बरामद किए हैं. ऑपरेशन में शामिल पुलिसकर्मियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया. दक्षिणी इम्फाल के एडिशनल एसपी (ऑपरेशन्स) ने इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 3 दिन पहले उन्हें सूचना मिली थी कि हथियारबंद कुकी संगठन के मिलीटेंट्स ने 3 मजदूरों को अगवा कर लिया है.

MOIL LIMITED

(Government of India Enterprise)

"MOIL BHAWAN", 1-A Katol Road, NAGPUR – 440013

Website: www.moil.nic.in, Email: investors@moil.nic.in, Telefax: 0712-2591661 CIN : L99999MH1962GOI012398

Statement of unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2020

(₹ In Lakhs)

S.N.	Particulars	Standalone			Consolidated		
		Quarter ended		Nine months ended	Quarter ended		Nine months ended
		31-12-2020 Unaudited	31-12-2019 Unaudited	31-12-2020 Unaudited	31-12-2020 Unaudited	31-12-2019 Unaudited	31-12-2020 Unaudited
1.	Total income from operations	26770.44	25622.26	72724.04	26770.44	25622.26	72724.04
2.	Net profit /(loss) for the period (before tax, exceptional and /or extraordinary items)	6998.16	7432.54	13074.65	6998.16	7432.54	13074.65
3.	Net profit /(loss) for the period before tax (after exceptional and /or extraordinary items)	6998.16	7432.54	8074.65	6998.16	7432.54	8074.65
4.	Net profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and /or extraordinary items)	5138.40	5545.68	6059.47	5138.40	5545.68	6059.47
5.	Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	5328.10	4979.74	6639.30	5328.10	4979.74	6639.30
6.	Equity share capital (Face value of ₹10 each)	23732.79	25760.89	23732.79	23732.79	25760.89	23732.79
7.	Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each) Basic Diluted	2.17 2.17	2.15 2.15	2.55 2.55	2.17 2.17	2.15 2.15	2.55 2.55

Notes:

1. The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 12th February, 2021.
2. The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in details format are available on the websites of Stock Exchange (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.moil.nic.in).
3. The Board has approved an interim dividend of ₹ 2.50 per equity share for the financial year 2020-21.
4. Covid-19 pandemic and lockdown protocols have led to severe disruptions, affecting both the turnover and the profit during current reporting period. Therefore, the performance of the company for this period is not comparable with corresponding period or any period of previous year.
5. Exceptional items includes contribution towards PM Cares Fund on 01.04.2020 and CM Relief Fund on 05.06.2020.
6. Previous period's figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary to make them comparable. The figures tor the quarter ended 31st December, 2020 are balancing figures between the unaudited figures of the nine months and the reviewed figures up to the half year of the financial year.

Place : Nagpur
Date : 12th February, 2021

For MOIL Limited
Sd/-
M. P. Chaudhari
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 05339308

MOIL- Adding *Strength* to Steel